ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 27.1.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **आज दिनांक–27.01.2021 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के बैंक खाते में सिंगिल क्लिक के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को धनराशि अवमुक्त की गयी।**

आज दिनांक–27.01.2021 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के बैंक खाते में सिंगिल क्लिक के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को धनराशि अवमुक्त की गयी। इस कार्यक्रम का लाइवप्रसारण DD Uttar Pradesh/YouTube.comपर सायं 4बजे से किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जनपद शाहजहांपुर के 2110 लाभार्थियों के बैंक खातेमें धनराशि रु0–1772.80 लाख अन्तरित (DBT) की जायेगी। जनपद शाहजहाँपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत कुल 16114 आवास स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 9635 आवासों का निर्माण लाभार्थियों द्वारा कराया जा रहा है, शेष आवासों का यथाशीघ्र जियो टैग कराकर निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।जनपद शाहजहाँपुर में इस कार्यक्रम का आयोजन एन.आई.सी. सभागार, कलैक्ट्रेट, शाहजहाँपुर तथा समस्त नगर निकायों में किया गया। प्रत्येक नगर निकाय में अनुमानित 100 लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।इस अवसर पर लाभान्वित लाभार्थियो को जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह एवं श्री वीर विक्रम सिंह, मा0 विधायक कटरा एवं नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा लाभान्वित लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबी तथा योजना का लाभ प्राप्त करने पर शुभकामना पत्र प्रदान किये गये। इस प्रकार मा0 मुख्यमंत्री जी का यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय एवं समस्त नगर निकायों में वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय एवं मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीमती श्रद्धा मिश्रा, रेनू, वीन ूगुप्ता, गुड्डी, छोटी बिटिया, बसन्ती, ज़ायदा व सोमवती, नीलम व गुड्डी को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबी प्रदान की गयी तथा श्रीमती वीना, मीना, नीतू, मीरा, रीता शुक्ला, किरन, रामा, राजकुमारी, सावित्री, सुशीला, श्री राजेन्द्रकुमार, मानसिंह, सुरेश सिंह आदि को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ प्राप्त होने पर शुभकामना पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय, श्री इन्द्र विक्रम सिंह, मा0 विधायक कटरा, वीर विक्रम सिंह श्री संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त/परियोजना निदेशक, डूडा, शाहजहाँपुर, श्री अतुल पाठक, परियोजना अधिकारी, डूडा, शाहजहाँपुर, श्री ज्ञान सक्सेना, सी एल टी सी, श्री प्रभाकर मिश्रा, सी0एम0एम0, श्री दीपक सिंह, सी0एम0एम0 द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।